न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 146/19

तारीख 25/6/2019

01. लक्ष्मीनारायण पिता नाथुलाल जाति ब्राहमण उम्र वयस्क निवासी बडोदिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थी

बनाम

01. गोरू पिता दुर्गा जाति बंजारा उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी माण्डयारडी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. मांगीलाल पिता दुर्गा जाति बंजारा उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी माण्डयारडी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
03. छीतर पिता नानुराम जाति तेली उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी उन्द्रो का खेडा तहसील माण्डगलढ जिला भीलवाडा (राज0)
04. कालु पिता मोतीलाल जाति तैली उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी उन्द्रो का खेडा तहसील माण्डलगढ जिला भीलवाडा (राज0)
05. देवा पिता देबीलाल जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी बडोदिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
06. नारायणसिंह पिता उंकारसिंह जाति राजपूत पेशा काश्त निवासी बडोदिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
07. घीसु पिता जगनाथ जाति तेली उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी उन्द्रो का खेडा तहसील माण्डलगढ जिला भीलवाडा (राज0)
08. नाराण पिता घीसा जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी उन्द्रो का खेडा तहसील माण्डलगढ जिला भीलवाडा (राज0)
09. गोरू पिता गंगाराम जाति बंजारा उम्र वयस्क पेशा काश्त निवासी काटबडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

-: आदेश :- दिनांकः 30/12/2020

प्रार्थना पत्र लक्ष्मीनारायण पिता नाथुलाल जाति ब्राहमण उम्र वयस्क निवासी बडोदिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0) ने जरिये अभिभाषक **श्री ओमप्रकाश शर्मा** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा बडोदिया पटवार हल्का जलिन्द्री तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 135 पर अंकित आराजी संख्या 390 रकबा 33–11 बीघा भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थीगण वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियां कंला** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें तय की जाती है वक्त मौका प्रार्थी अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा बडोदिया पटवार हल्का जलिन्द्री तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 135 पर अंकित आराजी संख्या 390 रकबा 33–11 बीघा भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां जि. भीलवाडा